# एम.पी.पी.एस.सी.
# प्रारंभिक परीक्षा–2020
# सामान्य अध्ययन–I
# (मॉडल पेपर–2)

1. यूट्यूब का पैरेंटल ऑर्गेनाइज़ेशन है-
   (a) याहू (b) अल्फाबेट
   (c) फेसबुक (d) टिकटॉक
2. जो व्यक्ति ट्विटर पर ब्लॉग लिखता है, उसे कहा जाता है-
   (a) ऑथर (b) सर्वर
   (c) क्लाइंट (d) फॉलोवर
3. निम्नलिखित में से 'हेलीकॉप्टर मनी' संबंधित है-
   (a) नोट छापकर, सब्सिडी प्रदान कर और अन्य योजनाओं के माध्यम से नागरिकों के हाथ में अचानक अत्यधिक धन थमा देना।
   (b) बाज़ार में अनुचित आचरण पर रोक लगाने के लिये केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में वृद्धि करना।
   (c) विमुद्रीकरण प्रक्रिया के माध्यम से सरकार द्वारा उच्च मूल्य के धन का संचयन करना।
   (d) मुद्रास्फीति की अवधि के दौरान मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाए रखने के लिये बाज़ार में अधिक मुद्रा प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों को कम करना।
4. GST लाने के लिये संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता थी, क्योंकि-
   (a) संविधान में संशोधन के बिना GST लाने के लिये संघ के साथ सहमत होने को राज्य तैयार नहीं थे।
   (b) GST समवर्ती आधार पर कार्यान्वित होना था और अनुच्छेद-246 ऐसे मामले के लिये अपर्याप्त था।
   (c) वित्त मंत्रियों की सशक्त समिति ने संवैधानिक संशोधन की संस्तुति की थी।
   (d) GST परिषद ने संवैधानिक संशोधन की संस्तुति की थी, ताकि उसकी शक्ति में वृद्धि हो।
5. तारापोर समिति निम्नलिखित में से किससे संबंधित थी?
   (a) बैंकिंग क्षेत्र में सुधार से
   (b) राजकोषीय नीति से
   (c) विदेशी मुद्रा भंडार से
   (d) पूर्ण पूंजी लेखा संपरिवर्तनीयता से
6. एशियाई इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (ए.आई.आई.बी.) का मुख्यालय कहाँ पर है?
   (a) नई दिल्ली (b) मॉस्को
   (c) बीजिंग (d) वाशिंगटन डी.सी.
7. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

| **जनसंख्या वृद्धि के चरण (भारत)** | **विशेषताएँ** |
|---|---|
| 1. चरण I (1901–1921) | (i) जनसंख्या विस्फोट की अवधि |
| 2. चरण II (1921–1951) | (ii) स्थिर जनसंख्या वृद्धि की अवधि |
| 3. चरण III (1951–1981) | (iii) गिरावट की प्रवृत्ति के साथ उच्च जनसंख्या वृद्धि की अवधि |
| 4. चरण IV (1981–वर्तमान) | (iv) अवरुद्ध जनसंख्या वृद्धि की अवधि |

**कूट:**
   (a) 1-iv, 2-ii, 3-iii, 4-i
   (b) 1-ii, 2-iii, 3-i, 4-iv
   (c) 1-ii, 2-iv, 3-i, 4-iii
   (d) 1-iv, 2-ii, 3-i, 4-iii
8. भारत में संसदीय प्रणाली की सरकार है, जिसका अर्थ है-
   (a) लोकसभा जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होती है।
   (b) संसद संविधान में संशोधन कर सकती है।
   (c) राज्यसभा को भंग नहीं किया जा सकता है।
   (d) मंत्रिपरिषद, लोकसभा के प्रति उत्तरदायी है।
9. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित **नहीं** है?

| **समिति** | | **अध्यक्ष** |
|---|---|---|
| (a) संघीय संविधान समिति | – | पं. जवाहरलाल नेहरू |
| (b) मूल अधिकार एवं अल्पसंख्यक समिति | – | डॉ. भीमराव अंबेडकर |
| (c) प्रांतीय संविधान समिति | – | सरदार वल्लभभाई पटेल |
| (d) कार्य संचालन समिति | – | डॉ. के.एम. मुंशी |

10. भारतीय संविधान की प्रस्तावना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम सही है?
   (a) लोकतंत्रात्मक गणराज्य, पंथनिरपेक्ष, संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी
   (b) पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य, संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी
   (c) लोकतंत्रात्मक गणराज्य, समाजवादी, संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, पंथनिरपेक्ष
   (d) संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य
11. निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत के संविधान में विहित मूल कर्त्तव्य **नहीं** है?
   (a) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझना और उसका परिरक्षण करना।
   (b) प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना और उसका संवर्धन करना।
   (c) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखना और हिंसा से दूर रहना।
   (d) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना।

12. बुडापेस्ट कन्वेंशन संबंधित है-
    (a) साइबर क्राइम से
    (b) जैव-विविधता संरक्षण से
    (c) युद्धबंदियों को कुछ अधिकार प्रदान करने से
    (d) पर्सिसटेंट ऑर्गेनिक पाल्यूपटेंट (पीओपी) से मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की रक्षा करने से

13. इंदौर में आकाशवाणी केंद्र की स्थापना कब हुई थी?
    (a) 22 मई, 1955
    (b) 15 अगस्त, 1947
    (c) 26 जनवरी, 1950
    (d) 1 नवंबर, 2000

14. भारत के किसी राज्य में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश किसके द्वारा नियुक्त किये जाते हैं?
    (a) भारत के राष्ट्रपति
    (b) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति
    (c) राज्य के राज्यपाल
    (d) विधि आयोग

15. भारत की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाती है-
    (a) भारत के राष्ट्रपति को निर्वाचित करने के लिये।
    (b) भारत के उपराष्ट्रपति को निर्वाचित करने के लिये।
    (c) संविधान संशोधन विधेयक को अंगीकार करने के लिये।
    (d) उस विधेयक पर विचार करने तथा उसे पारित करने के लिये, जिस पर दोनों सदनों में मतभेद हों।

16. पुरातात्त्विक अवशेषों के अध्ययन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
    (a) 'आर्किओलॉजी' प्राचीन काल के लोगों के भौतिक जीवन के बारे में जानकारी देती है।
    (b) सिक्कों का अध्ययन मुद्राशास्त्र कहलाता है।
    (c) प्राचीन भारत में कागज़ की मुद्रा का चलन था।
    (d) रेडियो कार्बन डेटिंग जैविक पदार्थों के काल निर्धारण की विधि है।

17. मध्य प्रदेश का सबसे ऊँचा जलप्रपात है-
    (a) सहस्रधारा जलप्रपात (b) चचाई जलप्रपात
    (c) बहुटी जलप्रपात (d) कपिलधारा जलप्रपात

18. ऋग्वेद में सबसे पवित्र नदी किसे माना गया है?
    (a) सिंधु (b) सरस्वती
    (c) गंगा (d) नर्मदा

19. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **दर्शन** | | **प्रणेता** |
|---|---|---|
| 1. सांख्य | : | कपिल |
| 2. न्याय | : | पतंजलि |
| 3. योग | : | गौतम |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
    (c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

20. निम्नलिखित नगरों में से किस एक नगर का संबंध महावीर से **नहीं** है?
    (a) वैशाली (b) लुंबिनी
    (c) चंपा (d) पावापुरी

21. गुप्त काल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
    (a) इस काल में बलात् श्रम (विष्टि), पहले की तुलना में अधिक प्रचलित हुआ।
    (b) विष्णु पुराण के एक उद्धरण में निर्दिष्ट है कि प्रयाग तक गंगा से लगे सभी भूभागों पर गुप्त वंश का आधिपत्य था।
    (c) महरौली शिलालेख यह इंगित करता है कि चंद्रगुप्त-I बंगाल में शत्रुओं के राज्यसंघ के विरुद्ध लड़ा था और उसने पंजाब में भी एक अभियान का नेतृत्व किया था।
    (d) सौराष्ट्र, गुप्त साम्राज्य का हिस्सा नहीं था।

22. निम्न में से कौन-सा सुनामी प्रभावित क्षेत्र **नहीं** है?
    (a) बंगाल की खाड़ी का तटीय क्षेत्र
    (b) म्याँमार का तटीय क्षेत्र
    (c) गुजरात का काठियावाड़ तटीय क्षेत्र
    (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I (विभाग)** | **सूची-II (संबंधित पद)** |
|---|---|
| A. सैन्य विभाग | 1. दीवान-ए-रिसालत |
| B. विधि विभाग | 2. दीवान-ए-अर्ज़ |
| C. पत्राचार विभाग | 3. दीवान-ए-अमीर-ए-कोही |
| D. कृषि विभाग | 4. दीवान-ए-इंशा |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

24. बंगाल के नवाबों का सही कालक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?
    (a) शुजाउद्दीन → मुर्शिद कुली खाँ → अलीवर्दी खाँ → सिराजउद्दौला
    (b) मुर्शिद कुली खाँ → शुजाउद्दीन → अलीवर्दी खाँ → सिराजउद्दौला



Drishti IAS

(c) मुर्शिद कुली खाँ → अलीवर्दी खाँ → शुजाउद्दीन → सिराजउद्दौला

(d) अलीवर्दी खाँ → मुर्शिद कुली खाँ → सिराजउद्दौला → शुजाउद्दीन

25. निम्नलिखित आंदोलनों पर विचार कीजिये:
   1. मोपला विद्रोह
   2. बारदोली सत्याग्रह
   3. चंपारण सत्याग्रह
   4. नमक सत्याग्रह

   उपर्युक्त का निम्नलिखित में से कौन-सा तैथिक क्रम आरोही क्रमानुसार सही है?
   (a) 1 – 3 – 4 – 2
   (b) 3 – 1 – 2 – 4
   (c) 2 – 3 – 1 – 4
   (d) 4 – 2 – 1 – 3

26. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से उनका सही कालानुक्रम ज्ञात कीजिये:
   1. रॉलेट सत्याग्रह   2. असहयोग आंदोलन
   3. चौरी-चौरा कांड   4. स्वराज पार्टी का गठन

   **कूट:**
   (a) 1 – 2 – 3 – 4
   (b) 1 – 3 – 2 – 4
   (c) 2 – 1 – 3 – 4
   (d) 3 – 1 – 2 – 4

27. पानीपत का तीसरा युद्ध कब हुआ था?
   (a) 14 जनवरी, 1965   (b) 5 जनवरी, 1961
   (c) 5 फरवरी, 1556   (d) 14 जनवरी, 1761

28. कंदरिया महादेव मंदिर, निम्नलिखित में से किस शैली का मंदिर है?
   (a) बेसर शैली
   (b) नागर शैली
   (c) द्रविड़ शैली
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

29. मानव शरीर में पाचन का अधिकांश भाग किस अंग में संपन्न होता है?
   (a) अग्न्याशय   (b) छोटी आँत
   (c) आमाशय   (d) बड़ी आँत

30. शिवपुरी स्थित ________ सिंधिया शासन की ग्रीष्मकालीन राजधानी, गुलाबी लाल रंग की वास्तुकला का अद्भुत नमूना है। संगमरमर से सुसज्जित, वर्तमान में यह भारत सरकार का सी.बी.आई. प्रशिक्षण केंद्र है।
   (a) नादिरा महल   (b) मांडू महल
   (c) सतखंडा महल   (d) माधव विलास महल

31. मध्य प्रदेश का वह कौन-सा क्षेत्र है, जो राजस्थान, गुजरात एवं महाराष्ट्र तीनों राज्यों के खाद्य पदार्थों का क्षेत्र माना जाता है?
   (a) सौराष्ट्र   (b) मालवा
   (c) निमाड़   (d) विंध्य

32. 73वें संशोधन द्वारा लाई गई पंचायती राज प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है?
   (a) ग्रामसभा पंचायत क्षेत्र में ग्राम की मतदाता सूची में पंजीकृत सभी लोगों से मिलकर बनने वाली संस्था है।
   (b) पंचायत व्यवस्था के तीनों स्तरों पर 1/3 सीटें महिलाओं के लिये आरक्षित हैं और अनुसूचित जातियों/जनजातियों के लिये आरक्षण का प्रावधान किया गया है।
   (c) राज्य निर्वाचन आयोग और राज्य वित्त आयोग की स्थापना।
   (d) मतदान करने और चुनाव लड़ने के लिये न्यूनतम आयु 18 वर्ष।

33. दल-बदल के आधार पर संसद और विधानमंडल के सदस्यों की अयोग्यता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) ये उपबंध, भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची में दिये गए हैं।
   (b) दल-बदल के आधार पर किसी सदस्य को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
   (c) दल-बदल के आधार पर अयोग्यता, किसी दल के 1/3 सदस्यों के विलय के मामले में लागू नहीं होती है।
   (d) दल-बदल के आधार पर अयोग्यता से संबंधित सभी प्रश्न भारत के निर्वाचन आयोग को निर्दिष्ट किये जाते हैं।

34. परमाणुओं के बीच बंधों में निम्नलिखित में से कौन-सी ऊर्जा संगृहीत होती है?
   (a) नाभिकीय ऊर्जा   (b) रासायनिक ऊर्जा
   (c) प्रकाश ऊर्जा   (d) ऊष्मीय ऊर्जा

35. डिटर्जेंट, साबुन और रँगाई के पदार्थ, जैसे आर्द्रक एजेंट कैसे काम करते हैं?
   (a) मिलाए जाने पर ये स्पर्श कोण को बढ़ा देते हैं, ताकि यह अंदर तक धँस करके मैल को बाहर निकाल सकें।
   (b) मिलाए जाने पर ये स्पर्श कोण को घटा देते हैं, ताकि यह अंदर तक धँस करके मैल को बाहर निकाल सकें।

Drishti IAS

(c) मिलाए जाने पर ये स्पर्श कोण में कोई परिवर्तन नहीं करते, बल्कि पृष्ठतनाव बढ़ा देते हैं, ताकि यह अंदर तक धँस करके मैल को बाहर निकाल सकें।
(d) इनमें से कोई नहीं।

36. निम्नलिखित में से कौन-सी तरंग प्रति फोटॉन अधिकतम ऊर्जा ले जाती है?
(a) X-किरणें (b) रेडियो तरंगें
(c) प्रकाश तरंगें (d) सूक्ष्म तरंगें

37. नाभिकीय संलयन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) नाभिकीय संलयन अभिक्रिया के दौरान दो हल्के नाभिकों को जोड़कर एक भारी नाभिक बनाया जाता है।
(b) नाभिकीय संलयन में सामान्यत: हाइड्रोजन अथवा हाइड्रोजन समस्थानिकों से हीलियम उत्पन्न की जाती है।
(c) नाभिकीय संलयन अभिक्रियाएँ सूर्य तथा अन्य तारों की विशाल ऊर्जा का स्रोत हैं।
(d) उपर्युक्त सभी।

38. वोटिंग स्याही में निम्नलिखित में से किस रसायन का उपयोग होता है?
(a) सिल्वर नाइट्रेट
(b) सिल्वर ब्रोमाइड
(c) सिल्वर क्लोराइड
(d) सिल्वर सल्फेट

39. निम्न में से किसे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में **नहीं** लाया गया?
(a) भारत मौसम विज्ञान विभाग
(b) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
(c) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान
(d) राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र

40. जैव सूचना-विज्ञान (बायोइंफॉर्मेटिक्स) में घटनाक्रमों/गतिविधियों के संदर्भ में समाचारों में कभी-कभी दिखने वाला पद 'ट्रांसक्रिप्टोम' (Transcriptome) किसे निर्दिष्ट करता है?
(a) जीनोम संपादन (जीनोम एडिटिंग) में प्रयुक्त एंज़ाइमों की एक श्रेणी।
(b) किसी जीव द्वारा अभिव्यक्त mRNA अणुओं की पूर्ण श्रृंखला।
(c) जीन अभिव्यक्ति की क्रियाविधि का वर्णन।
(d) कोशिकाओं में होने वाले आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की एक क्रियाविधि।

41. राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटिंग मिशन के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा सुपरकंप्यूटर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.), बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बी.एच.यू.) द्वारा निर्मित है?
(a) परम युवा (b) परम शिवाय
(c) प्रत्यूष (d) आदित्य

42. भारत का पहला बैंकिंग रोबोट है-
(a) लक्ष्मी (b) कुबेर
(c) गणेश (d) कार्तिक

43. निम्नलिखित में से ज्वालामुखी क्रिया से निर्मित पठार है-
(a) मालवा पठार (b) बुंदेलखंड पठार
(c) बघेलखंड पठार (d) मध्य भारत का पठार

44. नागवंशीय राजाओं की राजधानी कौन-सी थी?
(a) पद्मावती (b) एरण
(c) उज्जैन (d) त्रिपुरी

45. निम्नलिखित में से कौन-सा लोकनाट्य सुमेलित **नहीं** है?
(a) मनसुखा - बघेलखंड
(b) स्वांग - बुंदेलखंड
(c) गम्मत - निमाड़
(d) करमा - महाकौशल

46. क्षेत्रफल के आधार पर भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है-
(a) राजस्थान (b) ओडिशा
(c) पंजाब (d) मध्य प्रदेश

47. मध्य प्रदेश में 'भारतीय वन प्रबंधन संस्थान' किस शहर में स्थित है?
(a) इंदौर (b) जबलपुर
(c) बालाघाट (d) भोपाल

48. 'ग्रेफाइट खनिज' के लिये मध्य प्रदेश का कौन-सा ज़िला प्रसिद्ध है?
(a) शिवपुरी (b) होशंगाबाद
(c) रायसेन (d) बैतूल

49. प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के सेनानी 'शहीद तात्या टोपे' की समाधि कहाँ स्थित है?
(a) गुना (b) ग्वालियर
(c) मुरैना (d) शिवपुरी

50. निम्नलिखित में से मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थित सास-बहू का मंदिर किसने बनवाया था?
(a) राजा भोज
(b) महाराजा पृथ्वीसिंह
(c) राजा मधुकर
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

51. 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश की जनसंख्या कितनी है?
(a) 7,50,50,809 (b) 7,42,50,809
(c) 7,40,26,809 (d) 7,26,26,809

52. मध्य प्रदेश का राज्य खेल है-
(a) कबड्डी (b) खो-खो
(c) हॉकी (d) मलखंब

53. निम्नलिखित में से कौन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री **नहीं** रहे हैं?
(a) मोतीलाल वोरा (b) सुंदरलाल पटवा
(c) कैलाश चंद्र जोशी (d) सुभाष यादव

54. वर्तमान में मध्य प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या है-
(a) 240 (b) 238
(c) 232 (d) 230

55. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सम्मान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता है/दिये जाते हैं?
(a) कालिदास सम्मान (b) तानसेन सम्मान
(c) तुलसी सम्मान (d) ये सभी।

56. किस देश की लगभग 25 फीसदी पुलिस वर्ष 2030 तक रोबोकॉप पर आधारित होगी?
(a) चीन (b) युएई (दुबई)
(c) जापान (d) अमेरिका

57. दूरसंचार विवाद निपटान एवं अपीलीय न्यायाधिकरण प्रभावी है-
(a) 24 जनवरी, 2000 से (b) 24 जनवरी, 2005 से
(c) 25 जनवरी, 2008 से (d) 26 जनवरी, 2008 से

58. निम्नलिखित में से कहाँ पर 'नैसकॉम' का क्षेत्रीय कार्यालय है?
(a) बंगलूरू (b) चेन्नई
(c) हैदराबाद (d) उपर्युक्त सभी।

59. ईथरनेट का विकास किया गया-
(a) राबर्ट मेटकेफे द्वारा (b) टिम बर्नर ली द्वारा
(c) विंटन द्वारा (d) इनमें से कोई नहीं।

60. 5 जनवरी, 2021 को सुप्रीम कोर्ट ने 'सेंट्रल विस्टा परियोजना' को मंजूरी दे दी। यह संबंधित है-
(a) नए संसद भवन के निर्माण से
(b) राष्ट्रपति भवन के निर्माण से
(c) प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्माण से
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

61. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
(a) प्रधानमंत्री (b) केंद्र सरकार
(c) वित्त मंत्री (d) राष्ट्रपति

62. निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षांश, अंडमान द्वीप और निकोबार द्वीप को पृथक् करता है?
(a) 8°N चैनल (b) 10°N चैनल
(c) 12°N चैनल (d) 13°N चैनल

63. मध्य प्रदेश राज्य खाद्य आयोग के वर्तमान अध्यक्ष हैं-
(a) राजकिशोर स्वान (b) राजीव चंद्र दुबे
(c) किशोर खंडेलवाल (d) सुनील अरोरा

64. भारतीय मानसून के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) मानसूनी पवनें नियमित पवनें होती हैं।
(b) भारत में वर्षा लाने वाला एकमात्र तंत्र अरब सागर से उठने वाली दक्षिण-पश्चिम मानसून धारा है।
(c) भारतीय द्वीपों पर मानसून की सबसे पहली वर्षा होती है तथा मानसून की वापसी भी सबसे बाद में होती है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

65. भारत में पाई जाने वाली निम्नलिखित मृदाओं को उनके क्षेत्रीय विस्तार के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये:
1. जलोढ़ मृदा 2. लैटेराइट मृदा
3. लाल मृदा 4. काली मृदा
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
(a) 2–4–3–1 (b) 2–3–4–1
(c) 4–3–2–1 (d) 2–4–1–3

66. भारतीय वन एवं उनकी अवस्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

| | **वन** | | **अवस्थिति** |
|---|---|---|---|
| A. | उष्णकटिबंधीय आर्द्र सदाबहार वन | 1. | कम वर्षा वाले क्षेत्र और ओडिशा के तटीय भाग तथा पश्चिम बंगाल के डेल्टाई भाग। |
| B. | उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वन | 2. | पश्चिमी घाट, पूर्वोत्तर और अंडमान-निकोबार के भाग। |
| C. | उष्णकटिबंधीय अर्द्धसदाबहार वन | 3. | हिमालय के निचले भाग में तराई क्षेत्र। |
| D. | उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन | 4. | पश्चिमी घाट का विस्तृत क्षेत्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश छोटानागपुर पठार और शिवालिक के प्रमुख भाग। |



Drishti IAS

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

67. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (जल विद्युत परियोजना) | सूची-II (नदी) |
|---|---|
| A. मैथन परियोजना | 1. चंबल नदी |
| B. सलाल परियोजना | 2. भागीरथी नदी |
| C. राणा प्रताप सागर परियोजना | 3. बराकर नदी |
| D. टिहरी परियोजना | 4. चिनाब नदी |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

68. जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम कब लागू हुआ?
(a) 1980 (b) 1981
(c) 1974 (d) 1990

69. भारत में स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग परियोजना का निम्नलिखित में से कौन-सा खंड मार्ग दूरी के संदर्भ में सबसे लंबा है?
(a) दिल्ली-कोलकाता
(b) कोलकाता-चेन्नई
(c) चेन्नई-मुंबई
(d) मुंबई-दिल्ली

70. निम्न में से सर्वाधिक लवणता किस सागर/महासागर में पाई जाती है?
(a) लाल सागर
(b) अरब सागर
(c) हिंद महासागर
(d) मृत सागर

71. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| सूची-I (ज्वालामुखी पर्वत) | सूची-II (देश) |
|---|---|
| A. मायोना | 1. यू.एस.ए. |
| B. माउंट शस्ता | 2. फिलीपींस |
| C. चिंबोरेजो | 3. आइसलैंड |
| D. माउंट हेक्ला | 4. इक्वाडोर |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

72. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (उष्णकटिबंधीय चक्रवात) | सूची-II (अवस्थिति) |
|---|---|
| A. चक्रवात | 1. USA |
| B. हरिकेन | 2. पूर्वी एशिया |
| C. टाइफून | 3. ऑस्ट्रेलिया |
| D. विलि-विलिज़ | 4. भारत |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

73. निम्न में से किस एक स्थान पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण का क्षेत्रीय मुख्यालय **नहीं** है?
(a) देहरादून (b) भोपाल
(c) पुणे (d) चेन्नई

74. निम्नलिखित में से किसके संदूषण के कारण ब्लू बेबी सिंड्रोम होता है?
(a) नाइट्राइट (b) सल्फाइड
(c) नाइट्रेट (d) सल्फेट

75. मध्य प्रदेश के किस ज़िले में जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान है?
(a) डिंडोरी (b) शिवपुरी
(c) खंडवा (d) सिंगरौली

76. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन किसके समक्ष प्रस्तुत करता है?
(a) संसद (b) प्रधानमंत्री
(c) राष्ट्रपति (d) लोकसभा

77. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?
1. अल्फा विविधता : यह एक पारितंत्र में प्रजातियों की विविधता को दर्शाती है।
2. बीटा विविधता : यह एक क्षेत्र में विभिन्न पारितंत्रों की संपूर्ण विविधता है।
3. गामा विविधता : यह विभिन्न पारितंत्रों के बीच प्रजातीय विविधता है।

नीचे दिये गए **कूट** का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1
(c) केवल 1 और 3 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

Drishti IAS

78. निम्न में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है?
(a) प्रथम विश्व जलवायु परिवर्तन सम्मेलन-1979
(b) प्रथम पृथ्वी शिखर सम्मेलन-एजेंडा-21
(c) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल- कार्बन व्यापार
(d) क्योटो प्रोटोकॉल- ग्रीन हाउस गैसें

79. सम्मान योजना संबंधित है-
(a) महिला अपराध उन्मूलन से
(b) महिला साक्षरता से
(c) विधवा पेंशन से
(d) उपर्युक्त सभी से।

80. हाल ही में दूरसंचार उपकरण और सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के नए अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया?
(a) संदीप अग्रवाल
(b) अरुंधती राय
(c) राकेश देसाई
(d) इनमें से कोई नहीं।

81. हाल ही में मध्य प्रदेश के निम्न में से किस शहर युग्म को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल किया गया?
(a) रतलाम, उज्जैन
(b) ग्वालियर, ओरछा
(c) ओरछा, रायसेन
(d) उज्जैन, ग्वालियर

82. वर्ष 2021 को चौरी-चौरा घटना के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस घटना का संबंध किस राज्य से है?
(a) मध्य प्रदेश
(b) उत्तर प्रदेश
(c) बिहार
(d) छत्तीसगढ़

83. 24 फरवरी, 2021 को अहमदाबाद (गुजरात) में निम्नलिखित में से किसने दुनिया के सबसे बड़े एवं अत्याधुनिक 'नरेंद्र मोदी स्टेडियम' का उद्घाटन किया?
(a) नरेंद्र मोदी ने
(b) रामनाथ कोविंद ने
(c) विजय गोयल ने
(d) राजनाथ सिंह ने

84. वर्ष 2030 और 2034 में एशियाई खेलों की मेज़बानी की जाएगी क्रमशः
(a) कतर, सऊदी अरब द्वारा
(b) भारत, संयुक्त अरब अमीरात द्वारा
(c) बांग्लादेश, चीन द्वारा
(d) सऊदी अरब, कुवैत द्वारा

85. 1 जनवरी, 2021 को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने अपना कौन-सा स्थापना दिवस मनाया?
(a) 64वाँ
(b) 63वाँ
(c) 62वाँ
(d) 61वाँ

86. 'राज्य निर्वाचन आयोग' के अध्यक्ष की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
(a) विधानमंडल
(b) राज्यपाल
(c) संसद
(d) राष्ट्रपति

87. निम्न में से मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग का गठन संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया गया है?
(a) अनुच्छेद 312
(b) अनुच्छेद 315
(c) अनुच्छेद 316
(d) अनुच्छेद 317

88. भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) इसका अध्यक्ष अनिवार्य रूप से भारत का सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश होना चाहिये।
(b) इसे सिविल न्यायालय की शक्ति प्राप्त है।
(c) आयोग के एक सदस्य के रूप में एक महिला को नियुक्त करना आवश्यक है।
(d) उपर्युक्त सभी।

89. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कब हुआ?
(a) 1990
(b) 1991
(c) 1992
(d) 1993

90. निम्न में से किस पूर्ववर्ती अधिनियम का स्थान 'सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 ने लिया?
(a) फ्रीडम ऑफ इंफॉर्मेशन एक्ट, 2002
(b) फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन एक्ट, 2002
(c) राईट टू एक्सप्रेशन एक्ट, 2006
(d) फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन एक्ट, 2003

91. नवंबर 2020 में किसे हॉकी इंडिया का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
   (a) ज्ञानेन्द्रों निगोम्बाम
   (b) राजेंद्र सिंह
   (c) तपन कुमार
   (d) नरिंदर बत्रा

92. अगस्त 2020 में किसे मध्य प्रदेश लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड-2019 से नवाज़ा गया?
   (a) इनाम उर रहमान
   (b) फराज खान
   (c) अंशिता पांडे
   (d) मुस्कान किरार

93. फरवरी 2019 में आयोजित विश्व मलखंब प्रतियोगिता में देश को स्वर्ण पदक दिलाने वाली पूजा मालवीय मध्य प्रदेश के किस स्थान से संबंधित रखती हैं?
   (a) ग्वालियर
   (b) भोपाल
   (c) उज्जैन
   (d) नीमच

94. निम्नलिखित में से कौन-सा कप/ट्रॉफी बैडमिंटन से संबंधित है?
   (a) बेटन कप
   (b) इंदिरा गांधी गोल्ड कप
   (c) रणजी ट्रॉफी
   (d) नारंग कप

95. हाल ही में 'देहिंग पटकाई' को राष्ट्रीय उद्यान के रूप में अधिसूचित किया गया है। यह किस प्रदेश में स्थित है?
   (a) मध्य प्रदेश
   (b) असम
   (c) अरुणाचल प्रदेश
   (d) मेघालय

96. नाइजीरियाई अर्थशास्त्री एनगोजी ओकोंजो-इविएला को किस संस्था की अगली महानिदेशक के रूप में चुना गया है?
   (a) विश्व स्वास्थ्य संगठन
   (b) विश्व बैंक
   (c) संयुक्त राष्ट्र संघ
   (d) विश्व व्यापार संगठन

97. मई 2020 में किसने असम के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है?
   (a) सर्वानंद सोनोवाल
   (b) हिमंत बिस्वा सरमा
   (c) एन. रंगास्वामी
   (d) तरुण गोगोई

98. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
   (a) जी. नागेश्वर राव
   (b) डॉ. के सिवन
   (c) डॉ. शेखर पांडे
   (d) इनमें से कोई नहीं।

99. हाल ही में मध्य प्रदेश बजट 2021-22 को किसने विधानसभा में प्रस्तुत किया?
   (a) शिवराज सिंह चौहान
   (b) नरोत्तम मिश्रा
   (c) जगदीश देवड़ा
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

100. भारत में प्रथम राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति कब बनी थी?
   (a) 1983 ई.
   (b) 2002 ई.
   (c) 2005 ई.
   (d) 2017 ई.

Drishti IAS

# एम.पी.पी.एस.सी. प्रारंभिक परीक्षा-2020
## सामान्य अध्ययन-I ( मॉडल पेपर-2 )
## उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 26. | (a) | 51. | (d) | 76. | (c) |
| 2. | (b) | 27. | (d) | 52. | (d) | 77. | (b) |
| 3. | (a) | 28. | (b) | 53. | (d) | 78. | (c) |
| 4. | (b) | 29. | (b) | 54. | (d) | 79. | (a) |
| 5. | (d) | 30. | (d) | 55. | (d) | 80. | (a) |
| 6. | (c) | 31. | (b) | 56. | (b) | 81. | (b) |
| 7. | (d) | 32. | (d) | 57. | (a) | 82. | (b) |
| 8. | (d) | 33. | (d) | 58. | (d) | 83. | (b) |
| 9. | (b) | 34. | (b) | 59. | (a) | 84. | (a) |
| 10. | (d) | 35. | (a) | 60. | (a) | 85. | (b) |
| 11. | (d) | 36. | (a) | 61. | (d) | 86. | (b) |
| 12. | (a) | 37. | (d) | 62. | (b) | 87. | (b) |
| 13. | (a) | 38. | (a) | 63. | (a) | 88. | (d) |
| 14. | (a) | 39. | (b) | 64. | (c) | 89. | (d) |
| 15. | (d) | 40. | (b) | 65. | (a) | 90. | (a) |
| 16. | (c) | 41. | (b) | 66. | (a) | 91. | (a) |
| 17. | (c) | 42. | (a) | 67. | (d) | 92. | (a) |
| 18. | (b) | 43. | (a) | 68. | (c) | 93. | (c) |
| 19. | (a) | 44. | (a) | 69. | (b) | 94. | (d) |
| 20. | (b) | 45. | (d) | 70. | (d) | 95. | (b) |
| 21. | (d) | 46. | (d) | 71. | (b) | 96. | (d) |
| 22. | (c) | 47. | (d) | 72. | (b) | 97. | (b) |
| 23. | (c) | 48. | (d) | 73. | (a) | 98. | (b) |
| 24. | (b) | 49. | (d) | 74. | (c) | 99. | (c) |
| 25. | (b) | 50. | (d) | 75. | (a) | 100. | (a) |

Drishti IAS